प्रादेशिक समाचार

दिनांक–30.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर आदिवासी जमीन खरीदने के मामले में राज्य के पूर्व मंत्री एनोस एक्का समेत 10 दोषी करार, पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा पर चलेगा ट्रायल।
2. झारखंड हाईकोर्ट ने अवमानना मामले में जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव समेत चार अधिकारियों पर लगाया आर्थिक दंड, जुर्माने की राशि एक सप्ताह में भुगतान करने का आदेश।
3. विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी आज आयेंगे रांची, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे समर्थन की औपचारिक घोषणा।
4. राजधानी रांची, पलामू, गढ़वा समेत राज्य के 11 जिलों में आज बारिश के साथ वज्रपात के आसार, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट।
5. असम में चल रहे सब जूनियर नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा झारखंड, मणिपुर से होगा खिताबी मुकाबला।

********************

राज्य में सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर बड़े पैमाने पर आदिवासियों की जमीन खरीदने के मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने पूर्व मंत्री एनोस एक्का और उनकी पत्नी मेनन एक्का समेत कुल 10 आरोपियों को दोषी करार दिया है। सजा के बिन्दु पर सुनवाई आज होगी। अधिवक्ता अनिल कुमार ने बताया कि अदालत ने एक आरोपी को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया।

********************

इधर, झारखंड हाईकोर्ट में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण घोटाले में आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की ओर से दायर क्रिमिनल क्वैशिंग याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने प्रार्थी और सीबीआई का पक्ष सुना। इस मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने प्रार्थी मधु कोड़ा को राहत देने से इनकार करते हुए याचिका खारिज कर दी। अब इस मामले में उनके खिलाफ निचली अदालत में ट्रायल चलेगा।

********************

झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश एसके द्विवेदी की अदालत ने अवमानना के एक मामले में जल संसाधन विभाग के सचिव सहित चार अधिकारियों पर 25–25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने कहा कि अधिकारियों ने कोर्ट को गुमराह किया है। ऐसे में जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार, मुख्य अभियंता जमील अख्तर, अधीक्षण अभियंता संजीव कुमार और कार्यपालक अभियंता रंजीत कुजूर को 25–25 हजार रुपये जुर्माने के रूप में रजिस्ट्रार जनरल के पास जमा करने का निर्देश दिया है।

********************

विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी आज रांची आयेंगे। वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री आवास पर होने वाली इस बैठक में इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के नेता और सभी सात सांसदों को मौजूद रहने के लिए कहा गया है। जानकारी के अनुसार बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इंडिया गठबंधन के सांसदों का श्री रेड्डी को समर्थन देने की औपचारिक घोषणा करेंगे।

********************

उत्पाद विभाग से एसीबी द्वारा रात के अंधेर में कागजात ले जाने के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के आरोपों पर उत्पाद मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने सफाई दी है। उन्होंने कहा है कि जांच एजेंसी ने अनुसंधान के क्रम ये फाइलें सीज की हैं।

इधर भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष रवीन्द्र राय ने नेता प्रतिपक्ष श्री मरांडी के आरोपों का समर्थन किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि शराब घोटाला मामले में सबूत मिटाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

********************

दशहरा, दुर्गा पूजा, छठ और दिवाली जैसे बड़े त्योहारों के दौरान यात्रियों को वेटिंग लिस्ट और भीड़भाड़ से बचाने के लिए रेलवे ने बड़ा कदम उठाया है। रेलवे बोर्ड ने घोषणा की है कि यात्रियों की सुविधा के लिए 150 पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी, जो कुल दो हजार चौबीस फेरे लगायेंगी। इन ट्रेनों का संचालन 21 सितंबर से 30 नवंबर तक किया जाएगा।

********************

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश में आकस्मिक प्रसारण सहायक का पैनल बनाने के लिए आवेदन–पत्र आमंत्रित किया गया है। इस संदर्भ में योग्य उम्मीदवार आकाशवाणी की वेबसाईट newsonair.gov.in और prasarbharati.gov.in के Vacancies सेक्शन और प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल @ airnews_ranchi से प्रकाशित विज्ञापन डाउनलोड कर सकते हैं। योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन 10 सितंबर 2025 तक उप महानिदेशक सह कार्यालय प्रमुख, आकाशवाणी, रातू रोड, रांची, पिन कोड–834001 के पते पर स्पीड पोस्ट से भेज सकते हैं।

********************

पाकुड़ जिले में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना मददगार साबित हो रहा है।

********************

राजधानी रांची समेत राज्य के 11 जिलों में आज बारिश और वज्रपात की संभावना जतायी गयी है। मौसम विभाग के अनुसार रांची, गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला–खरसांवा में बारिश के साथ वज्रपात की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि कई जिलों में चार सितंबर तक बारिश का सिलसिला जारी रहेगा।

********************

असम में चल रहे सब जूनियर नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में झारखंड ने महाराष्ट्र को एक शून्य से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। फाइनल में झारखंड का मुकाबला मणिपुर से होगा।

********************

राष्ट्रीय खेल दिवस पर खेल निदेशालय की ओर से कल रांची के मोरहाबादी मैदान में हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 500 खिलाड़ियों और आमजनों ने हिस्सा लिया। पुरुष वर्ग में अनुप उरांव, सिरिल टोप्पो और रोशन कुमार रविदास तथा महिला वर्ग में सुमन कुमारी, आरती कुमारी और सावित्री कुमारी विजेता बने।

उधर, झारखंड मलखंब अकादमी की ओर से जिलास्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय, धुर्वा में किया गया। बालक वर्ग में आर्यन लोह, रणवीर कुमार दास, आर्यन महतो व बालिका वर्ग में लवली कुमारी, हंसिका कुमारी व अन्नु कुमारी विजेता रहीं।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर संथाल परगना के कई जिलों में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने कहा कि यह पहला अवसर होगा जब संथाल परगना के लगभग सभी जिलों में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

उधर, सिमडेगा जिले में 20 वीं मेजर ध्यानचंद जिलास्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है।

**********************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने पूर्व मंत्री एनोस एक्का समेत 10 आरोपियों को अदालत द्वारा दोषी ठहराये जाने की खबर को प्रमुखता दी है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– 455 पदों के लिए परीक्षा, मगर 150 का ही चयन।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– बानो में ट्रैक पर गिरी चट्टान, तपस्विनी एक्सप्रेस घंटे भर फंसी।

प्रभात खबर ने वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के हवाले से लिखा है– जीएसटी मुद्दे पर केन्द्र सरकार का रबर स्टांप नहीं बनेंगे।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– मनीष मिश्रा ने झारखंड में उत्पाद टेंडर के लिए दिया ढाई करोड़ रुपये का कमीशन।

**********************